# कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, कासगंज

पत्रांक / एस0एस0ए0 / के0जी0बी0वी0 / चयन / — / 2025–26 दिनांक :- 10/02/2026

## विज्ञप्ति

जनपद में संचालित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों (कक्षा 6 से 8 व कक्षा 9 से 12) के रिक्त पदों पर कार्मिकों के चयन / पदस्थापन के सम्बन्ध में शासनादेश संख्या– I / 570148 / 2024 File No-68–5099 / 23 / 2024–5 दिनांक 28.05.2024 तथा संशोधित आदेश दिनांक 21.10.2024 एवं तत्क्रम में राज्य परियोजना कार्यालय के पत्रांक के0जी0बी0वी0 / 7114 / 2024–25 दिनांक 28.10.2024 के अनुक्रम में जिलाधिकारी महोदय, कासगंज के अनुमोदन के क्रम में जनपद–कासगंज में संचालित कक्षा 6 से 8 के 08 कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों व कक्षा 9 से 12 तक के ऐकेडमिक ब्लॉक व छात्रावासों में शैक्षिक व शिक्षणेत्तर कार्मिकों के रिक्त पदों पर नवीन चयन सेवा अनुबन्ध के आधार पर निर्धारित मानदेय पर निम्नलिखित कार्मिकों की आवश्यकता है।

| क्र0 सं0 | पदनाम | शैक्षिक योग्यता | वरीयमान अर्हता | नियत मानदेय प्रतिमाह | रिक्त पदों की विवरण | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | UR | SC | ST | OBC | EWS | TOTAL |
| 1 | प्रधानाचार्या | (1) प्रशिक्षित एम0ए0 (हिन्दी / अंग्रेजी) अथवा एम०एससी० (भौतिक विज्ञान / रसायन विज्ञान / जन्तु विज्ञान / वनस्पति विज्ञान / गणित / कम्प्यूटर साइंस) किसी विश्वविद्यालय या संस्था या ऐसे विश्वविद्यालय या संस्था से सम्बद्ध किसी मान्यता प्राप्त संस्था की या अन्य राज्यों की परिषदों से सम्बद्ध किसी संस्था की या इसी प्रकार की संस्थाओं की, जिसकी परीक्षाएं परिषद द्वारा मान्यता प्राप्त हैं, कक्षा 9 से 12 तक में कम से कम 4 वर्ष का शिक्षण अनुभव हो या विभाग द्वारा मान्यता प्राप्त किसी जूनियर हाईस्कूल के प्रशिक्षण स्नातक प्रधानाध्यापक के रूप में कम से कम चार वर्ष का अनुभव हो, प्रतिबन्ध यह भी है कि वह 30 वर्ष से कम आयु की न हो ।<br>(2) किसी मान्यता प्राप्त संस्था में इण्टरमीडिएट कक्षाओं में दस वर्ष का शिक्षण अनुभव के साथ–साथ प्रथम या द्वितीय श्रेणी की स्नातकोत्तर उपाधि या पन्द्रह वर्ष के शिक्षण अनुभव के साथ तृतीय श्रेणी की स्नातकोत्तर उपाधि या<br>(3) विज्ञान में प्रशिक्षित स्नातकोत्तर डिप्लोमाधारी; प्रतिबन्ध यह है कि उसने यह डिप्लोमा पाठ्यक्रम प्रथम या द्वितीय श्रेणी उत्तीर्ण किया हो और किसी मान्यता प्राप्त संस्था में ऐसा डिप्लोमा पाठ्यक्रम उत्तीर्ण करने के पश्चात क्रमशः 15 या 20 वर्ष की प्रशंसनीय सेवा की हो। | प्रशिक्षित | 30,000 | 01 | 00 | 00 | 01 | 00 | 02 |
| 2 | पी0जी0टी0 हिन्दी | हिन्दी में एम०ए० तथा संस्कृत के साथ बी०ए० अथवा शास्त्री परीक्षा राजकीय संस्कृत कालेज, वाराणसी अब सम्पूर्णानन्द विश्वविद्यालय, वाराणसी | प्रशिक्षित | 22,000 | 01 | 00 | 00 | 01 | 00 | 02 |
| 3 | पी0जी0टी0 अंग्रेजी | नियमानुसार स्थापित उत्तर प्रदेशीय अथवा किसी अन्य मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से अंग्रेजी विषय में स्नातकोत्तर उपाधि (पोस्ट ग्रेजुएट डिग्री) किसी ट्रेनिंग कालेज से एल०टी० डिप्लोमा या किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से एजुकेशन में डिग्री या डिप्लोमा रखने वाले को प्राथमिकता दी जायेगी। | प्रशिक्षित | 22,000 | 01 | 01 | 00 | 01 | 00 | 03 |
| 4 | पी0जी0टी0 गणित | 1– एम०ए० अथवा एम०एस०सी० गणित **अथवा**<br>2– गणित में त्रिवर्षीय पाठ्यक्रम सहित बी०ए० (आनर्स) **अथवा** बी०एस०सी० (आनर्स) | प्रशिक्षित | 22,000 | 01 | 00 | 00 | 01 | 00 | 02 |

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | पी0जी0टी0 जीव विज्ञान | 1– वनस्पति विज्ञान अथवा जन्तु विज्ञान में एम०एस0सी० **अथवा**<br>2– कृषि विषय वनस्पति विज्ञान के साथ एम०एस०सी०, बी०एस०सी० में जन्तु विज्ञान **अथवा**<br>3– कृषि विषयक जन्तु विज्ञान के साथ एम०एस०सी०, बी०एस०सी० में वनस्पति विज्ञान<br>4– यू०जी०सी० द्वारा मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय / डिग्री कालेज से एम०एस०सी० (लाइफ साइंस) **अथवा**<br>5– किसी विश्वविद्यालय या डिग्री कालेज में शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित जीव विज्ञान में स्नातकोत्तर डिप्लोमा के साथ बी०एस०सी० | प्रशिक्षित | 22,000 | 01 | 00 | 00 | 01 | 00 | 02 |
| 6 | पी0जी0टी0 रसायन विज्ञान | 1–रसायन विज्ञान में एम0एस0सी0 **अथवा**<br>2– रसायन विज्ञान में त्रिवर्षीय पाठ्यक्रम के साथ बी0एस0सी0 (आनर्स) **अथवा**<br>3– यू0जी0सी0 द्वारा मान्यता प्राप्त किसी विश्वविद्यालय / डिग्री कालेज से स्नातकोत्तर (बायोकेमिस्ट्री) **अथवा**<br>4– किसी विश्वविद्यालय या डिग्री कालेज से शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित रसायन विज्ञान में स्नातकोत्तर डिप्लोमा के साथ बी0एस0सी0 | प्रशिक्षित | 22,000 | 01 | 01 | 00 | 01 | 00 | 03 |
| 7 | पी0जी0टी0 भौतिक विज्ञान | 1–एम०एस0सी० (भौतिक शास्त्र) **अथवा**<br>2– किसी विश्वविद्यालय या डिग्री कालेज में शिक्षा विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित भौतिक विज्ञान में स्नातकोत्तर डिप्लोमा के साथ बी०एस०सी० | प्रशिक्षित | 22,000 | 01 | 01 | 00 | 01 | 00 | 03 |
| 8 | कम्प्यूटर विज्ञान | 1– एमटेक (कम्प्यूटर विज्ञान) **अथवा**<br>2– बी०ई० / बी०टेक (कम्प्यूटर विज्ञान) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से **अथवा**<br>3– एम०सी०ए० अथवा एम०एस0सी० (कम्प्यूटर विज्ञान) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से अथवा "बी" लेविल आफ डी०ओ०ई०ए०सी०सी० (डिपार्टमेन्ट आफ इलेक्ट्रानिक्स एण्ड एक्रीडियेशन आफ कम्प्यूटर कोर्स) **अथवा**<br>4– स्नातकोत्तर डिग्री के साथ पी०जी० डिप्लोमा इन कम्प्यूटर ऐप्लीकेशन विज्ञान किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से **अथवा**<br>5– स्नातकोत्तर डिग्री के साथ बी०एससी० (कम्प्यूटर कोर्स कम्पोनेन्ट कनसेसटिंग ऑफ एट लिस्ट 1/3 ऑफ साइंस कोर्स किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से) **अथवा**<br>स्नातकोत्तर डिग्री के साथ ए–लेविल ऑफ डी०ओ०ई०ए०सी०सी० (डिपार्टमेन्ट आफ इलेक्ट्रानिक्स एण्ड एक्रीडियेशन आफ कम्प्यूटर कोर्स) | प्रशिक्षित | 22,000 | 01 | 00 | 00 | 01 | 00 | 02 |
| 9 | लैब असिस्टेन्ट | हाईस्कूल विज्ञान वर्ग के साथ एवं लैबोरेटरी तकनीक में डिप्लोमा **अथवा** मान्यता प्राप्त बोर्ड से इण्टरमीडिएट–विज्ञान वर्ग के साथ | | 7147 | 04 | 01 | 0 | 02 | 01 | 08 |
| 10 | कार्यालय अधीक्षक / लिपिक | 1– माध्यमिक शिक्षा परिषद, उ0प्र0 द्वारा आयोजित इण्टरमीडिएट परीक्षा अथवा उसके समकक्ष कोई अन्य परीक्षा उत्तीर्ण हो ।<br>2– माध्यमिक शिक्षा परिषद, उ0प्र0 के साथ–साथ केन्द्र अथवा किसी राज्य द्वारा स्थापित किसी संस्था / शिक्षा बोर्ड / परिषद द्वारा संचालित हाईस्कूल अथवा इण्टरमीडिएट परीक्षा में पृथक विषय के रूप में कम्प्यूटर | | 12430 | 01 | 01 | 00 | 01 | 00 | 03 |

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | साइंस विषय को लिया गया हो। **अथवा** कम्प्यूटर संचालन डोएक/NIELIT द्वारा प्रदत्त CCC प्रमाण–पत्र अथवा सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त संस्था से समकक्ष स्तर का प्रमाण–पत्र। **अथवा** कम्प्यूटर साइंस में डिप्लोमा/डिग्री 3– कम्प्यूटर पर हिन्दी टंकण गति न्यूनतम 25 शब्द प्रति मिनट एवं कम्प्यूटर पर अंग्रेजी टंकण गति न्यूनतम 30 शब्द प्रति मिनट | | | | | | | | |
| 11 | पूर्णकालिक शिक्षिका (अंग्रेजी) | अंग्रेजी में स्नातक के साथ बी0एड0 एवं उच्च प्राथमिक स्तर का टी0ई0टी0 | प्रशिक्षित | 25,410 | 00 | 00 | 00 | 01 | 00 | 01 |
| 12 | पूणकालिक शिक्षिका (गणित) | पी0सी0एम0 वर्ग से स्नातक के साथ बी0एड0 एवं उच्च प्राथमिक स्तर की टी0ई0टी0 | प्रशिक्षित | 25,410 | 00 | 00 | 00 | 01 | 00 | 01 |
| 13 | पूर्णकालिक शिक्षिका (विज्ञान) | जेड0बी0सी0 वर्ग से स्नातक के साथ बी0एड0 एवं उच्च प्राथमिक स्तर की टी0ई0टी0 | प्रशिक्षित | 25,410 | 00 | 01 | 00 | 00 | 00 | 01 |
| 14 | केयरटेकर | परास्नातक के साथ बी0एड0 | प्रशिक्षित | 24,200 | 01 | 01 | 00 | 00 | 00 | 02 |
| 15 | लेखाकार | स्नातक वाणिज्य तथा एम0एस0 ऑफिस पर कार्य का ज्ञान अनिवार्य। डी0ओ0ई0ए0सी0सी0 या समकक्ष संस्था से कम्प्यूटर शिक्षा में "ओ" लेवल का डिप्लोमा अथवा समकक्ष। | | 13673 | 00 | 01 | 00 | 00 | 00 | 01 |
| 16 | प्रधान रसोइया | कक्षा 8 उत्तीर्ण | | 9,006 | 01 | 02 | 00 | 00 | 00 | 03 |
| 17 | चपरासी | कक्षा 8 उत्तीर्ण | | 7147 | 03 | 00 | 00 | 00 | 00 | 03 |
| 18 | चौकीदार | कक्षा 8 उत्तीर्ण | | 7147 | 02 | 01 | 00 | 01 | 00 | 04 |
| 19 | सहायक रसोईया | कक्षा 8 उत्तीर्ण | | 6433 | 06 | 02 | 00 | 01 | 00 | 09 |

नोट–

- प्रधानाचार्या जिस विषय की अर्हता रखती होगी उस विषय की पृथक से शिक्षिका की नियुक्ति नहीं की जायेगी तथा सम्बन्धित विषय का शिक्षण कार्य प्रधानाचार्या द्वारा ही किया जायेगा।
- यदि दो या अधिक अभ्यर्थियों के गुणवत्ता अंक समान हों तो ऐसे अभ्यर्थी का नाम, जो आयु में ज्येष्ठ हो, सूची में उच्चतर रखा जायेगा।
- यदि दो या अधिक अभ्यर्थियों के गुणवत्ता अंक और आयु समान हो तो अभ्यर्थी का नाम, अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के अनुसार सूची में रखा जायेगा।
- प्रधान रसाईया, सहायक रसोइया, चपरासी एवं चौकीदार के पद पर चयन साक्षात्कार के आधार पर किया जायेगा।
- **चयन उपरान्त पूर्णकालिक शिक्षिकाओं, केयर टेकर, प्रधान रसोईया, चपरासी, चौकीदार एवं सहायक रसोईया का पद पूर्णकालिक होने के कारण विद्यालय परिसर में ही निवास करना अनिवार्य होगा, अन्यथा की स्थिति में उनका चयन समाप्त कर दिया जायेगा। पूर्णकालिक स्टाफ को अपने साथ परिवार के किसी भी सदस्य को विद्यालय परिसर में रखने की अनुमति नहीं है। समस्त स्टाफ के भोजन व्यवस्था उनकी स्वयं की होगी।**
- आवश्यकतानुसार रिक्तियों की संख्या घट/बढ़ सकती है। चयन सेवा अनुबन्ध के आधार पर एक शैक्षिक सत्र (अधिकतम 11 माह 29 दिवस) हेतु होगा तथा कार्य संतोषजनक पाये जाने पर आगामी सत्र के लिए सेवा अनुबन्ध का विस्तारीकरण किया जा सकता है।
- उपर्युक्त रिक्तियों हेतु प्रकाशित विज्ञप्ति एवं आवेदन पत्र को जनपद कासगंज की N.I.C वेबसाइट पर क्लिक करके डाउनलोड किया जा सकता है। उक्त के सम्बन्ध में किसी भी कार्यदिवस में कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, कासगंज में आवश्यक जानकारी प्राप्त की जा सकती है।
- लिफाफे पर ऊपर मोटे अक्षरों में कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालया में पद/विषय/जाति वर्ग (अनारक्षित/अन्य पिछडा/अनुसूचित जाति/EWS) के लिए आवेदन किया जा रहा है, स्पष्ट रूप से अंकित होना चाहिए। अभ्यर्थी द्वारा एक से अधिक पदों हेतु आवेदन करने की स्थिति में प्रत्येक पद हेतु अलग–अलग आवेदन करना होगा, जिस पर आवेदित पद का नाम, विषय तथा आरक्षण वर्ग अंकित करना होगा।

➢ विज्ञप्ति को किसी भी समय निरस्त करने का अधिकार जनपदीय चयन समिति में निहित रक्षित होगा, जिस हेतु कोई भी वाद मान्य नहीं होगा। विज्ञप्ति लिपिकीय त्रुटि के संधान रहेगी।

➢ **कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में शैक्षिक/शिक्षणेत्तर कार्मिकों के रिक्त पदों पर केवल महिला अभ्यर्थियों का ही चयन किया जायेगा। इसलिए पुरूष अभ्यर्थी उपरोक्त पद हेतु आवेदन न करें।**

➢ प्रधान रसोईया/सहायक रसोईया/चपरासी/चौकीदार हेतु शैक्षिक योग्यता कक्षा 8 उत्तीर्ण होगी तथा अभ्यर्थी को शारीरिक अक्षमता एवं संक्रामक रोग से ग्रस्त नहीं होना चाहिए।

आयु– **(आयु की गणना 01 अप्रैल, 2025 से की जायेगी)**

- प्रधानाचार्या के लिए न्यूनतम आयु चयन वर्ष की 01 अप्रैल को न्यूनतम आयु 30 वर्ष एवं अधिकतम आयु 45 वर्ष होगी और कक्षा 9 से 12 तक में कम से कम 04 वर्ष का शिक्षण अनुभव हो।
- शेष पदों पर चयन वर्ष की 01 अप्रैल को न्यूनतम आयु 25 वर्ष एवं अधिकतम आयु 45 वर्ष होगी।
- कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में सेवा हेतु अधिकतम आयु 60 वर्ष होगी।

आरक्षण– राज्य सरकार के निर्धारित प्राविधानों के अनुसार आरक्षण देय होगा (अन्य पिछडी जाति/अनु0 जाति एवं अनु0 जनजाति/EWS के अभ्यर्थी को आरक्षित श्रेणी के प्रमाण पत्र की प्रति संलग्न करना अनिवार्य है अन्यथा आरक्षण का लाभ देय नही होगा।

चरित्र– किसी सेवा से बर्खास्त, नैतिक/चारित्रिक अधमता के अपराध के लिए दोष सिद्ध एवं दिवालिया व्यक्ति चयन के लिए अर्ह नहीं होंगे।

चयन प्रक्रिया–

- शिक्षिकाओं के चयन हेतु रिक्तियों का आगणन पदवार/विषयवार/वर्गवार जनपद स्तर पर किया जायेगा। तद्नुसार आवेदन पत्र आमंत्रित किये जायेंगे। अभ्यर्थियों का चयन करने के लिए पदवार/विषयवार/वर्गवार पृथक–पृथक श्रेष्ठता सूची (मेरिट लिस्ट) बनायी जायेगी।

- अभ्यर्थी के चयन के लिए भारांक के अंकों का निर्धारण निम्न प्रकार किया जायेगा–

| क्र0सं0 | परीक्षा/उपाधि का नाम | गुणवत्ता अंक |
|---|---|---|
| 1 | हाईस्कूल | परीक्षा में प्राप्तांक का प्रतिशत × 10/100 |
| 2 | इण्टरमीडिएट | परीक्षा में प्राप्तांक का प्रतिशत × 10/100 |
| 3 | स्नातक उपाधि | परीक्षा में प्राप्तांक का प्रतिशत × 20/100 |
| 4 | परास्नातक उपाधि | परीक्षा में प्राप्तांक का प्रतिशत × 20/100 |
| 5 | प्रशिक्षण | सैद्धान्तिक एवं प्रयोगात्मक परीक्षा में प्राप्तांक का प्रतिशत × 30/100 |

सत्यापन– शिक्षक/शिक्षणेत्तर स्टाफ के चयन के समय प्रस्तुत प्रमाण पत्रों का सत्यापन सम्बन्धित बोर्ड/संस्था से कराया जायेगा। कार्मिकों के मूल शैक्षिक अभिलेखों को जिला परियोजना कार्यालय में सुरक्षित/संरक्षित कराया जायेगा। अभिलेखों के सत्यापनोपरान्त ही मानदेय का भुगतान किया जायेगा।

**नोट–** इच्छुक पात्रताधारी अभ्यर्थी अपने **आवेदन पत्र दिनांक 06 मार्च, 2026 को सायं 05:00 बजे तक** कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी विकास भवन के पीछे, प्रहलादपुर सोरों रोड, कासगंज पिन–207403 को केवल स्पीड पोस्ट/रजिस्टर्ड डाक से प्रेषित कर सकते है। साधारण डाक, कोरियर से प्राप्त आवेदन पत्रों को अस्वीकार कर दिया जायेगा। आवेदन पत्र के साथ अपनी दो स्व–प्रमाणित फोटो, समस्त शैक्षिक अंकपत्र, प्रमाण–पत्र, अनुभव प्रमाण–पत्र, आधार कार्ड, टी0ई0टी0 (उच्च प्राथमिक स्तर) एवं वांछित प्रमाण–पत्रों की स्वप्रमाणित छायाप्रतियॅा तथा अपने पता लिखे हुए 02 लिफाफे जिस पर रू0 45/– शुल्क के डाक टिकट लगे हो, अवश्य संलग्न करें। आवेदन पत्र के लिफाफे पर आवेदित पद का नाम व विषय तथा आरक्षण का वर्ग अवश्य लिखें। अपूर्ण, अस्पष्ट, बिना संलग्नकों वाले, बिना हस्ताक्षर, प्रारूप से भिन्न, अधूरे संलग्नकों वाले आवेदन पत्रों को निरस्त कर दिया जायेगा।

10/02/26

(सूर्य प्रताप सिंह)
जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
कासगंज

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
जनपद–कासगंज

पृ0सं0: एस0एस0ए0 / के0जी0बी0वी0 / चयन / 14895-14902 / 2025–26 दिनांक वही।

प्रतिलिपि : निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

1. महानिदेशक, स्कूल शिक्षा एवं राज्य परियोजना निदेशक, समग्र शिक्षा, उत्तर प्रदेश।
2. जिलाधिकारी, कासगंज।
3. मुख्य विकास अधिकारी, कासगंज।
4. उप शिक्षा निदेशक / प्राचार्य, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, एटा / कासगंज।
5. जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी, एन0आई0सी0, कासगंज को इस आशय से प्रेषित कि उक्त प्रेस विज्ञप्ति व विज्ञप्ति सूचना एन0आई0सी0 की वेबासाइट पर प्रदर्शित कराने का कष्ट करें।
6. समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारी, जनपद–कासगंज को इस निर्देश के साथ कि उक्त विज्ञप्ति को ब्लॉक संसाधन केन्द्र / नगर संसाधन केन्द्र के नोटिस बोर्ड पर चस्पा कराना सुनिश्चित करें।
7. सम्पादक, दैनिक समाचार पत्र **अमर उजाला** को इस अनुरोध के साथ कि उक्त विज्ञप्ति को अपने लोकप्रिय समाचार पत्र के उत्तर प्रदेश में संस्करण में न्यूनतम स्थान एवं न्यूनतम शासकीय दरों पर प्रकाशित कर बिल दो प्रतियों में कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, कासगंज में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।
8. सम्पादक, दैनिक समाचार पत्र **दैनिक जागरण व बदायूँ शिखर** को इस अनुरोध के साथ कि उक्त विज्ञप्ति को अपने लोकप्रिय समाचार पत्र के आगरा संस्करण में न्यूनतम स्थान एवं न्यूनतम शासकीय दरों पर प्रकाशित कर बिल दो प्रतियों में कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, कासगंज में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

10/02/26

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी,
कासगंज

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
जनपद–कासगंज

# जनपद–कासगंज में कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों में चयन हेतु आवेदन–पत्र

(आवेदन पत्र अभ्यर्थिनी द्वारा साफ–साफ भरा जाये। कटिंग एवं ओवर राइटिंग मान्य नहीं होगी। नाम एवं पिता का नाम तथा जन्मतिथि हाईस्कूल/आठवीं के प्रमाण–पत्र के अनुसार लिखी जाये। **अपूर्ण, त्रुटिपूर्ण एवं अस्पष्ट आवेदन पत्र निरस्त कर दिये जायेंगे।**)

स्वप्रमाणित नवीनतम फोटो अवश्य चस्पा करें।

1–आवेदित पद का नाम............................................................

2–विषय (केवल पूर्णकालिक शिक्षिकाओं व अंशकालिक शिक्षिकाओं हेतु)..........................................

3–अभ्यर्थिनी का नाम (हिन्दी में)............................................................

4–पिता का नाम (हिन्दी में)........................................ पति का नाम (हिन्दी में)....................................

5–01 अप्रैल, 2025 को हाईस्कूल/आठवीं के प्रमाण पत्र के आधार पर आयु– .......... दिन.........माह........वर्ष

6–01 अप्रैल, 2025 को हाईस्कूल/आठवीं के प्रमाण–पत्र के आधार पर आयु– .......... दिन.........माह........वर्ष

7– (अ) गृह जनपद का नाम व पता (थाना व पिन कोड सहित)............................................................

............................................................................................................

(ब) पत्र व्यवहार का पता(थाना व पिन कोड सहित)............................................................

............................................................................................................

8–ई–मेल यदि हो.................................................... मोबाइल नं0....................................................

9–जाति/वर्ग (सामान्य, अनु0जाति, अनु0जनजाति, अन्य पिछडी जाति, EWS)..................................................

(अद्यतन सक्षम स्तर से जारी प्रमाण पत्र संलग्न करें)

10. विकलांगता यदि हो............................................................

11–अनुभव के0जी0बी0वी0, यदि हो............................................................

12–अभ्यर्थिनी की शैक्षिक/प्रशिक्षण योग्यता का विवरण–

| परीक्षा | पात्रता परीक्षा केन्द्र/बोर्ड एवं कॉलेज/वि.विद्यालय | परीक्षा का वर्ष | अनुक्रमांक | पूर्णांक | प्राप्तांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| कक्षा–8 | | | | | | |
| हाईस्कूल | | | | | | |
| इण्टरमीडिएट | | | | | | |
| स्नातक | | | | | | |
| परास्नातक | | | | | | |
| बी0एड0/एल0टी0/बी0टी0, बी0पी0एड0/सी0पी0एड0/डी0पी0एड0 | | | | | | |
| अध्यापक पात्रता परीक्षा (कक्षा 6 से 8 तक, उच्च प्राथमिक स्तर) ( बी0पी0एड0/सी0पी0एड0/डी0पी0एड0 हेतु लागू नहीं) | | | | | | |
| अन्य | | | | | | |

13– संलग्नकों का विवरण– संलग्नकों की संख्या–

| | |
|---|---|
| 1–.................................................. | 6–.................................................. |
| 2–.................................................. | 7–.................................................. |
| 3–.................................................. | 8–.................................................. |
| 4–.................................................. | 9–.................................................. |
| 5–.................................................. | 10–.................................................. |

## घोषणा

मै शपथपूर्वक अभिकथन करता/करती हूँ कि उपरोक्त विवरण सत्य है तथा आवेदन पत्र प्रेषित करने के पूर्व समस्त अंकित विवरण का मेरे द्वारा परीक्षण कर लिया गया है। चयन के पूर्व अथवा बाद में जॉचोपरान्त कोई भी विवरण असत्य अथवा गलत पाये जाने पर सम्बन्धित संस्थान/प्राधिकारी को मेरा सेवा अनुबन्ध समाप्त करते हुए प्राथमिकी दर्ज कराने व भुगतानित मानेदय की वसूली करने का अधिकार होगा। आवेदन पत्र में अंकित सूचनाओं से सम्बन्धित मूल प्रमाण पत्र/अंक पत्र आवेदन करने की तिथि के पूर्व से मेरे पास उपलब्ध है।

दिनांक–............................

अभ्यर्थिनी का पठनीय हस्ताक्षर



जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
जनपद–कासगंज